# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

जैसलमेर रोड़, राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 15, बीकानेर (राज.)

प.07( )मंगसिविबी/विद्या परिषद–11/2012/12220-272 दिनांक 8.10-2012

## विद्या परिषद की 11वीं बैठक का कार्यवाही विवरण

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की विद्या परिषद की 11 वीं बैंठक दिनांक 06–10–2012 को प्रातः 11:30 बजे अकादमिक भवन के मीटिंग हॉल में माननीय कुलपति प्रो. गंगा राम जाखड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. गंगा राम जाखड़ | – | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. विमलेन्दु तायल | – | अधिष्ठाता, विधि संकाय |
| 3. | श्री एच.आर. इसरान | – | अधिष्ठाता, कला संकाय |
| 4. | डॉ सुरेन्द्र सहारण | – | अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय |
| 5. | प्रो. एम.एम. सक्सेना | – | अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय |
| 6. | प्रो. एस.के. भनोत | – | अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान संकाय |
| 7. | डॉ. आशा गोस्वामी | – | सदस्य |
| 8. | डॉ.बी.बी.एस. कपूर | – | सदस्य |
| 9. | डॉ. रमा गुप्ता | – | सदस्य |
| 10. | डॉ. जी.पी. सिंह | – | सदस्य |
| 11. | डॉ. सतीश कौशिक | – | सदस्य |
| 12 | डॉ. मधु अग्रवाल | – | सदस्य |
| 13. | डॉ. रंजन सक्सेना | – | सदस्य |
| 14. | डॉ. रविन्द्र मंगल | – | सदस्य |
| 15. | डॉ. मीरा श्रीवास्तव | – | सदस्य |
| 16. | प्रो. एस. के. अग्रवाल | – | सदस्य |
| 17 | डॉ. उमा कान्त गुप्ता | – | सदस्य |
| 18. | डॉ. सुमित्रा चारण | – | सदस्य |
| 19. | डॉ. इन्द्र सिंह राजपुरोहित | – | सदस्य |
| 20. | डॉ. मोहम्मद हुसैन | – | सदस्य |
| 21. | डॉ. आर.के. सक्सेना | – | सदस्य |
| 22. | डॉ. प्रकाश अमारावत | – | सदस्य |
| 23. | डॉ. आशा रानी | – | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24. | डॉ. अरूणा भारद्वाज | – | सदस्य |
| 25. | डॉ. बजरंग सिंह राठौड़ | – | सदस्य |
| 26. | डॉ. अहमद अली | – | सदस्य |
| 27. | डॉ. गार्गीराय चौधरी | – | सदस्य |
| 28. | श्री हुकम चंद ओझा | – | सदस्य |
| 29. | डॉ. आर.सी. सुथार | – | सदस्य |
| 30. | डॉ. के.के.शर्मा (हनुमानगढ़) | – | सदस्य |
| 31. | डॉ. परषोत्तम स्वामी | – | सदस्य |
| 32. | डॉ. पारूल सिंघल | – | सदस्य |
| 33. | डॉ. आर. के. रंगा | – | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य |
| 34. | डॉ. एन. के. व्यास | – | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य |
| 35 | श्रीमती अनुपमा चौधरी | – | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य |

बैठक में सर्वप्रथम नवनियुक्त सदस्य प्रो. एस. के. अग्रवाल का स्वागत किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही बिन्दुवार प्रारम्भ हुई जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

एजेण्डा बिन्दु संख्या : मगंसिविबी/विद्या परिषद–11/01

1. विद्या परिषद की 10 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन का प्रस्ताव –

दिनांक 08 जून, 2012 को आयोजित विद्या परिषद की दसवीं बैठक का कार्यवाही विवरण विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक प.07(112-3)/मगंसिविबी/शैक्ष./विद्या परिषद्/2012/4579–4610 दिनांक 21–06–2012 के द्वारा भिजवाया जा चुका है। छायाप्रति पुनः संलग्न कर कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है।

निर्णय :– विद्या परिषद की 10 वीं बैठक दिनांक 08 जून, 2012 के कार्यवाही विवरण का विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

2. एजेण्डा बिन्दु संख्या : मगंसिविबी/विद्या परिषद–11/02

विद्या परिषद की 10 वीं बैठक में लिये गए निर्णयों के पालना प्रतिवेदन के अनुमोदन का प्रस्ताव –

दिनांक 08 जून, 2012 को आयोजित विद्या परिषद की दसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों के पालना प्रतिवेदन के अनुमोदन का प्रस्ताव विद्या परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

संलग्न – पालना प्रतिवेदन

निर्णय :– विद्या परिषद की 10 बैठक दिनांक 08–06–2012 में लिये गए निर्णयों की पालना रिपोर्ट का निम्न सुझावों के साथ विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया :–

1. विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न कक्षाओं के पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दर्शाया जावे।
2. विधि स्नातक में प्रवेश हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी प्रवेश नीति में आयु संबंधी प्रावधान को विश्वविद्यालय स्तर पर लागू करने के संबंध विद्या परिषद की 10 बैठक में लिये गए निर्णय को स्थगित रखने का निर्णय लिया गया।

3. एजेण्डा बिन्दु संख्या : मगंसिविबी/विद्या परिषद–11/03

वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 तक के सफल परीक्षार्थियों के लिए मुद्रित करवाई जा रही उपाधियों को वितरित करने हेतु प्रस्ताव :–

स्पष्टीकरण :– विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 तक आयोजित करवाई गई परीक्षाओं में सफल रहे 150850 परीक्षार्थियों को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के नाम से उपाधियाँ प्रदान की जानी है। वर्ष 2009 की विभिन्न कक्षाओं की 46935 उपाधियाँ, वर्ष 2010 की विभिन्न कक्षाओं की 49985 उपाधियाँ एवं वर्ष 2011 की विभिन्न कक्षाओं की 53930 उपाधियाँ कुलपति के हस्ताक्षर से मुद्रित करवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त दिनांक 31 दिसम्बर, 2011 तक शोध कार्य सम्पन्न कर चुके 336 शोधार्थियों को शोध (पीएच.डी.) की उपाधियाँ भी महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के नाम से प्रदान की जानी है।

वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 तक की मुद्रित उपाधियों को जाँच कर सफल छात्र/छात्राओं को वितरित करने हेतु सम्बद्धता प्राप्त सम्बन्धित महाविद्यालयों को प्रेषित की जानी प्रस्तावित है। एजेण्डा विद्या परिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

संलग्न – सूची

निर्णय :– विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों की अंतिम वर्ष परीक्षाओं में उतीर्ण परीक्षार्थियों को निम्नानुसार वर्षवार उपाधियां प्रदान करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया :–

| क्र.स. | वर्ष | उपाधियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | 2009 | 46752 |
| 2. | 2010 | 50674 |
| 3. | 2011 | 54038 |

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदन को अवगत कराया कि परीक्षा वर्ष 2009 एवं 2010 की जांच का कार्य पूर्ण रूप से करने के बाद उपरोक्त संख्या में उपाधि मुद्रण का कार्य शुरू किया जा चुका है। वर्ष 2011 में सफल परीक्षार्थियों की संख्या के संबंध में अवगत कराया कि जांच का कार्य लम्बित होने के कारण उपाधियों की संख्या में मामूली अन्तर आ सकता है जिसकी सूचना माननीय सदस्यों को प्रदान कर दी जावेगी।

परीक्षा 2009, 2010 एवं 2011 में विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करने का अनुमोदन किया गया।

वर्ष 2009 से 31 दिसम्बर 2011 तक शोध कार्य सम्पन्न कर चुके 336 शोधार्थियों को शोध (पीएच.डी.) की उपाधियाँ प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया।

एजेण्डा बिन्दु संख्या : मगंसिविबी/विद्या परिषद–11/04

शैक्षणिक सत्र 2012–13 हेतु एम.ए. गृह विज्ञान पाठ्यक्रम के अनुमोदन का प्रस्ताव :–

विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में सम्बद्वता प्राप्त महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर गृह विज्ञान विषय में पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। विद्या परिषद की दसवीं बैठक के पश्चात उक्त विषयों के अध्ययन मण्डलों द्वारा स्नातकोत्तर स्तर का संगीत एवं गृह विज्ञान विषय का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया है। उक्त पाठ्यक्रमों का माननीय कुलपति महोदय द्वारा पत्रावली पर दिनांक 09–08–2012 को अनुमोदन कर दिया गया है। अतः

स्नातकोत्तर स्तर पर गृह विज्ञान विषय का पाठ्यक्रम माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन पश्चात विद्या परिषद के समक्ष पुष्टि हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है।
संलग्न – गृह विज्ञान विषय(स्नातकोत्तर स्तर)

निर्णय :– विद्या परिषद द्वारा माननीय कुलपति महोदय द्वारा स्वीकृत एम. ए. गृह विज्ञान विषय के पाठ्यक्रम का अनुमोदन किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय ने समन्वयक, गृह विज्ञान विषय को निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय में प्रचलित अन्य स्नातकोत्तर विषयों के समान परीक्षा स्कीम निर्धारित कर विश्वविद्यालय को 02 दिवस में सूचित करें।

## एजेण्डा बिन्दु संख्या : मगंसिविबी/विद्या परिषद–11/05

## विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर प्रथम वर्ष में हिन्दी एवं अंग्रेजी विषय दोनो अनिवार्य विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव :–

विद्या परिषद की नौवीं बैठक दिनांक 27–09–2011 में लिये गये निर्णयानुसार विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर प्रथम वर्ष में हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो अनिवार्य विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करने के सम्बन्ध में समस्त पहलुओं का अध्ययन कर सुझाव प्रस्तुत करने हेतु विश्वविद्यालय आदेश क्रमांक एफ.07(356)मगंसिविबी/शैक्ष./2011/28488–91 दिनांक 02–11–2011 के द्वारा निम्नांकित सदस्यों की समिति का गठन किया गया :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मनीराम | – | अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान संकाय |
| 2. | प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल | – | विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग |
| 3. | विभागाध्यक्ष हिन्दी | – | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |

उपरोक्त समिति की बैठक दिनांक 30–08–2012 को आयोजित की गई। समिति द्वारा प्रस्तुत सुझाव/अनुशंसा विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय :– विद्या परिषद द्वारा व्यापक विचार–विमर्श उपरान्त समिति से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर स्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष में हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो अनिवार्य विषयों को सत्र 2013–14 से पाठ्यक्रम में शामिल करने का अनुमोदन करते हुए निर्णय लिया कि हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों विषयों के अलग–अलग प्रश्न पत्र 100 अंकों के तीन घंटे की अवधि में कराते हुए शेष प्रावधान पूर्व की भांति ही रहेंगे।

## एजेण्डा बिन्दु संख्या : मगंसिविबी/विद्या परिषद–11/06

(1) शैक्षणिक सत्र 2012–13 में विश्वविद्यालय द्वारा 12 नवीन महाविद्यालयों की अस्थाई सम्बद्वता जारी की गई (सूची संलग्न)।
(2) शैक्षणिक सत्र 2012–13 में विश्वविद्यालय द्वारा 03 महाविद्यालयों की सम्बद्वता समाप्त की गई (सूची संलग्न)
(3) शैक्षणिक सत्र 2012–13 में विश्वविद्यालय द्वारा 25 महाविद्यालयों में नवीन संकाय/नवीन विषय की सम्बद्वता जारी की गई (सूची संलग्न)
(4) शैक्षणिक सत्र 2012–13 में विश्वविद्यालय द्वारा 03 महाविद्यालयों को स्थाई सम्बद्वता प्रदान की गई (सूची संलग्न)।

निर्णय :– विद्या परिषद द्वारा उपरोक्त बिन्दु के साथ संलग्न सूची में अंकित किये गये सम्बद्वता संबंधी प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।
बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Sd/-
उप कुलसचिव (शैक्षणिक)